संत थॉमस स्कूल धुर्वा रांची

पाठ 9-विशेषण

कक्षा -6

विषय हिंदी

पुस्तक- अल्पना हिंदी व्याकरण

प्रश्नो के उत्तर

प्रश्न -क) विशेषण और विशेष्य से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - विशेषण शब्द रंग- रूप, गुण- दोष , संख्या परिमाण आदि से संबंधित विशेषता बताते हैं **विशेषण** कहलाते हैं, और विशेषण जिसकी विशेषता बताते हैं **विशेष्य** कहलाते हैं ।

जैसे समझदार युवक

1. समझदार - विशेषण
2. युवक- विशेष

प्रश्न -ख) विशेषण के भेद के नाम लिखे ?

उत्तर - विशेषण के चार भेद होते हैं

1. गुणवाचक विशेषण
2. संख्यावाचक विशेषण
3. परिमाणवाचक विशेषण
4. संकेतवाचक विशेषण

प्रश्न- ग) संख्यावाचक विशेषण और परिमाणवाचक विशेषण में क्या अंतर है?

उत्तर - जब विशेषण शब्द की संज्ञा या सर्वनाम की संख्या या क्रम का ज्ञान कराता है तब उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं जैसे तीन बच्चे टिकट ले रहे थे ।

इसमें 'तीन' संख्या का बोध करा रहे हैं।

परिमाण वाचक विशेषण जब विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा या परिमाण का बोध कराता है तब वह परिमाण विशेषण कहलाता है। दीपक ने थोड़ा दूध पिया।

थो थोड़ा परिमाण का बोध करा रहा है।

प्रश्न- 2 इन वाक्यों में प्रयुक्त रंगीन शब्दों की पहचान विशेषण विशेष्य और प्रविशेषण के रूप में कीजिए

1. **थोड़ी** चीनी चाय में भी डाल दो । -**विशेषण**
2 ताजमहल **बहुत** खूबसूरत इमारत है । - **प्रविशेषण**
3. उस **भेड़िए** ने उत्पात मचा रखा था । - **विशेष्य**
4. सोना **बहुत** महँगा द्रव है । - **प्रविशेषण**
5 वह एक **छोटी** बालिका थी । -**विशेषण**
6 **ऐसी** हवेली मैंने कहीं देखी है । -**विशेषण**
7 उनके भयानक **चेहरे** देखकर मैं डर गया । - **विशेष्य**

8 <u>लड़ाकू</u> विमानों ने उड़ान भरी ।   -**विशेषण**

प्रश्न 3 विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए और उसके भेद लिखिए?

क **<u>पवित्र</u>** स्थानों पर जूते चप्पल पहनकर मत जाओ ।	गुणवाचक विशेषण
ख मुझे **<u>दो दिन</u>** की मोहलत चाहिए ।	संख्यावाचक विशेषण
ग **<u>यह</u>** चोर ऐसे नहीं मानेगा ।	संकेतवाचक विशेषण
घ **<u>कुछ</u>** पल तक वह लेटा रहा ।	परिमाणवाचक विशेषण
ङ जापानी लोग **<u>परिश्रमी</u>** होते हैं ।	गुणवाचक विशेषण

प्रश्न 4 कोष्ठक में दिए गए शब्दो से बने विशेषण से वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

क. यह मकान **<u>बिकाऊ</u>** है।

ख. **<u>रोगी</u>** को पष्टिक आहार खिलाओ ।

ग. **<u>बाहरी</u>** भोजन आपको कभी नहीं मिलेगा ।

घ. **<u>बाहरी</u>** लोगों ने ही पत्थरबाजी की थी ।

ङ. मेरे **<u>चचेरे</u>** भाई लंदन में रहते हैं ।

च मुझे तो **<u>लिखित</u>** प्रमाण चाहिए ।

प्रश्न 5 सही उत्तर-

क चौकोर

ख देहाती

ग कक्ष

घ यहाँ कुछ नहीं मिलेगा ।